SECOND TERMINAL EXAMINATION 2016-17

QUESTION POOL FOR STD **X HINDI**

(Prepared by **Madhusoodanan Pillai K.G**, Govt H.S.S Budhanoor,Alappuzha Dist & **Anjali.S**, Sree Bhuvaneswari H.S.S, Mannar, Alappuzha Dist)

1. मैनेजर ने चार्ली को स्टेज पर भेजने की जिद करने लगा । माँ डर गयी । पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पायेगा !

चार्ली के उस दिन की डायरी कल्पना करके लिखें ।

2. दुनिया के सबसे बड़े शोमैन का यह पहला शो था । यहाँ वर्णित सबसे बड़ा शोमैन कौन है ?

यह घटना अगले दिन समाचार पत्र में आयी होगी तो,वह रपट कैसी रही होगी ?

3. माँ और मैनेजर के बीच हुए वार्तालाप कल्पना करके लिखें ।

4. आपके स्कूल में "चार्ली चैपलिन, कालजयी कलाकार" विषय पर एक संगोष्टी चलती है। इस केलिए एक उद्घोषणा तैयार करें ।

5. आपके स्कूल में चार्ली चैपलिन की फिल्म का प्रदर्शन होनेवाला है। इस केलिए एक पोस्टर तैयार करें ।

6. अकाल और उसके बाद का चित्रण करने में कवि कहाँ तक सफल हुए है ?

7. ठाकुर का कुआँ नामक कहानी का मंचीकरण होनेवाला है । इस केलिए एक पोस्टर तैयार करें ।

8. कुएँ से दूसरा पानी लेने केलिए गंगी जाने लगी । इसपर जोखू और गंगी की बातचीत कल्पना करके लिखें ।

9. गंगी के मन में समाज में कुछ लोग नीच और कुछ ऊँच है । इसपर अपना दृष्टिकोण क्या है ?

10. घर पहुँच कर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला–गन्दा पानी पी रहा है । गंगी क़ी डायरी कल्पना करके लिखें ।

11. 'जाति प्रथा एक अभिशाप है '। इस पर आपका मत क्या है ?

12. गंगी दबे पाँव कुएँ की जगत पर चढ़ी , विजय का ऐसा अनुभव उसे पहले न हुआ था। यहाँ "दबे पाँव से आना" का मतलब क्या है ?

13. गंगी की चरित्रगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।

14. बसंत फूलदेई का त्योहार लेकर आता है। इस त्योहार की विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

15.'आपसी विश्वास के दम पर वर्षों से यहाँ ये लेन देन चल रहा है' । यहाँ गाँववालों का कौन –सा मनोभाव प्रकट होता है ?

16. ' फूलदेई ' त्योहार पर एक रपट तैयार करें।

17. "जब मैं बद्रीनाथ यात्रा –मार्ग की भीड़ देखता हूँ तो भूल जाता हूँ कि महज दो महीने पहले यह घाटी एकदम शांत थी "। लेखक की डायरी कल्पना करके लिखें।

18. बसंत मेरे गाँव का नामक लेख में किन–किन पहाड़ों का वर्णन है ?

19. अपने इलाके के त्योहार का वर्णन करते हुए दोस्त के नाम पत्र तैयार करें।

20. सुबह पौ फटते ही बच्चों की टोलियाँ गाँव भर में घूमती हैं। यहाँ "**पौ फटना**"का मतलब क्या है?

21. 'बाकी सारे काम बच्चे करते हैं '। **वाच्य** बदलकर लिखें।

22. "जबतक हिमालय रहेगा, ऋतुवों के बदलने का उल्लास बना रहेगा "। दादी के इस कथन पर आपकी राय क्या है ?

23. 'बाकी सारे काम बच्चे करते हैं'। रेखांकित शब्द के स्थान पर **लिंग** बदलकर लिखें।

24. दक्षिणा में मिली यह सामग्री पूरे इक्कीस दिन तक इकट्ठी की जाती है। रेखांकित शब्द के स्थान पर '**सामान**'का प्रयोग करें।

25. मानव के हस्तक्षेप के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर असर होता है। इसपर अपना मत प्रकट करें।

26. आपके स्कूल में 'पर्यावरण प्रदूषण' पर आधारित एक संगोष्टी चलती है। इसपर एक पोस्टर तैयार करें।

27. बच्चों में आत्मविश्वास की भावना जगाने में फूलदेई जैसा त्योहार सफल है ?आपकी राय प्रकट करें।

28. "बसंत बौराने लगता है"। यहाँ **बौराने** का मतलब क्या है ?

29. "उम्मीद है तुम्हें भी मजा आएगा इन्हें सुनकर ...."।
लेखक ने अपने दोस्त को एक पत्र लिखा। कल्पना करके लिखें।

30. आपके इलाके के देखने लायक स्थानों का एक ब्रॉशर तैयार करें।

31. 'सोनार किला' का सत्यजीत राय के उपन्यास से क्या सम्बन्ध है ?

32. सार्वजनिक स्थानों पर कुछ खराब लिखने की आदत आजकल बढ़ गयी है। इसपर अपना मत प्रकट करें।

33. "पेट भर खाना, सर ढकने को छत, मिल जाये तो परदेस भी घर हो जाता है "।
यहाँ कौन-सी सामाजिक सच्चाई प्रकट होती है ?

34. जैसलमेर की विशेषताएँ बतानेवाला एक ब्रॉशर तैयार करें।

35. "दुनिया सच में बहुत छोटी है" - लेखक इसप्रकार क्यों सोचते हैं ?

36. **रेगिस्तान** अर्थ आनेवाला पढ़ित शब्द क्या है ?

37. "अब तो सारी सीमा पर तारबन्दी हो गयी है"। लेखक के इस कथन का तात्पर्य क्या है ?

38. रेखांकित शब्द के **सर्वनाम** और **प्रत्यय** अलग करके लिखें।
उम्मीद है तुम्हें भी मजा आएगा।
मुझे बचपन में देखी फिल्म याद आ गयी।
उसने ज़रा भी परेशानी नहीं होने दी।
कुछ मज़ेदार किस्से तुम्हारे साथ बाँट रहा हूँ।

39. लेखक अपनी यात्रा को 20-20 ओवर के मैच जैसा बताते हैं। क्यों ?